# प्रेस नोट थाना राजघाट जनपद गोरखपुर दिनांक 17.05.2025

## दुकान के कर्मचारी द्वारा गबन करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 390 ग्राम पीली धातु व 03 अदद मोबाइल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष राजघाट मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 89/2025 धारा 316(4) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त 1. कृष वर्मा 2. दिनेश गौड को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से गबन का 390 ग्राम पीली धातु बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2),3(5) बीएनएस बढ़ोतरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

थाना राजघाट क्षेत्र अन्तर्गत वादी की आभूषण की दुकान है। वादी द्वारा दिनांक 01.05.205 को 448 ग्राम सोना बाजार में हालमार्किंग हेतु भेजा गया था। जिसको उनकी दुकान में कार्य करने वाला कर्मचारी कृष वर्मा उपरोक्त लेने गया था। हालमार्किंग कराने के बाद कृष वर्मा द्वारा गबन करने की नियत से सोना लेकर फरार हो गया। जिसके संबंध मे वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राजघाट पर मु0अ0सं0 89/2025 धारा 316(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

1. कृष वर्मा उर्फ कृष्णा वर्मा पुत्र सोनू वर्मा निवासी बसंतपुर फुल्की गली थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
2. दिनेश गौड पुत्र भोनू गौड़ निवासी रायगंज उत्तरी थाना राजघाट गोरखपुर

### गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 89/2025 धारा 316(4) व बढ़ोत्तरी धारा 317(2), 3(5) बीएनएस थाना राजघाट गोरखपुर

**बरामदगी का विवरण –**

1. गबन का 390 ग्राम पीली धातु
2. 3 अदद मोबाईल बरामद

**गिरफ्तारी टीम-**

1. उ0नि0 सदानन्द सिन्हा (थानाध्यक्ष) थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 मनीष कुमार यादव प्रभारी स्वाट जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 सूरज सिंह प्रभारी एस0ओ0जी जनपद गोरखपुर
4. उ0नि0 उमाशंकर कन्नौजिया थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
5. उ0नि0 विकास कुमार थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
6. उ0नि0 आशुतोष वर्मा थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
7. हे0का0 करुणापति तिवारी स्वाट जनपद गोरखपुर
8. हे0का0 राम इकबाल राव एस0ओ0जी जनपद गोरखपुर
9. हे0का0 अरुण खरवार स्वाट जनपद गोरखपुर
10. हे0का0अशोक सरोज थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
11. का0 प्रिंस राय स्वाट जनपद गोरखपुर
12. का0 राजेन्द्र कुमार एस0ओ0जी जनपद गोरखपुर
13. का0 गुलफाम थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
14. का0 विजय मौर्या थाना राजघाट जनपद गोरखपुर